हिंदी–विभाग
(मानविकी संकाय)
इन्दिरा गाँधी विश्वविद्यालय, मीरपुर, रेवाड़ी

परीक्षा योजना

एवम्

पाठ्यक्रम

एम.ए. (हिंदी) दो वर्षीय पाठ्यक्रम

चयन आधारित क्रेडिट पद्धति (सी बी सी एस)/

अधिगम परिणाम आधारित पाठ्यक्रम संरचना (एल ओ सी एफ)

राष्ट्रीय शिक्षा पद्धति– 2020 के अनुरूप

शैक्षणिक सत्र 2024–2025 से चरणबद्ध तरीके से प्रभावी

इंदिरा गाँधी विश्वविद्यालय मीरपुर, रेवाड़ी के एम.ए. हिंदी पाठ्यक्रम को वर्ष 2019 में संशोधित एवं परिवर्तित किया गया था। पाठ्यक्रम को राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप लागू करने के उद्देश्य से एम.ए. हिंदी पाठ्यक्रम को पुनः संशोधित करके सत्र 2024 –25 के प्रथम सेमेस्टर से लागू किया जाएगा। पाठ्यक्रम, प्रश्न पत्रों का प्रारूप और अंक विभाजन में अपेक्षित एवं समुचित परिवर्तन किए गए हैं। प्रस्तावित पुस्तकों की सूची भी संवर्धित की गई है।

संबद्धता

हिंदी विभाग द्वारा प्रस्तावित पाठ्यक्रम इंदिरा गाँधी विश्वविद्यालय मीरपुर, रेवाड़ी से सम्बद्ध सभी महाविद्यालयों के लिए मान्य होगा।

हिन्दी विभाग : दृष्टि और उद्देश्य

दृष्टि

स्नातकोत्तर के विद्यार्थियों को रोजगारपरक पाठ्यक्रम के माध्यम से हिंदी साहित्य एवं भाषा में दक्ष बनाना।
प्रभावी प्रशिक्षक, शोधकर्त्ता और योगदानकर्ता बनने के लिए प्रशिक्षित करना ताकि विश्वविद्यालय दुनिया भर में विद्वतापूर्ण उपलब्धि का एक प्रतिष्ठित केन्द्र माना जाए।

उद्देश्य

एम.ए. हिंदी कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थी को स्नातक के पश्चात विषयों के गंभीर अध्ययन की ओर प्रेरित करना है

- शैक्षणिक और गैर–शैक्षणिक दोनों क्षेत्रों में प्रत्येक छात्र के समग्र विकास को बढ़ावा देना।
- छात्रों को लचीलापन प्रदान करना ताकि विद्यार्थियों के पास अपने अधिगम मार्ग और कार्यक्रम को चुनने की क्षमता हो और इस तरह वे अपनी प्रतिभा और रूचि के अनुसार जीवन में अपना मार्ग चुन सकें।
- सृजनशीलता और आलोचनात्मक चिंतन का संवर्धन और तार्किक निर्णय लेने और नवाचार को प्रोत्साहित करना।
- छात्र भारतीय ज्ञान परम्परा से परिचित हो सकेगें और उनके भीतर मानवीय मूल्य का विकास होगा।
- नैतिकता तथा मानवीय और संवैधानिक मूल्यों को प्रोत्साहन देना।
- संप्रेषण, सहयोग, सामूहिक कार्यक्षमता और लचीलापन जैसे जीवन कौशल प्रदान करना।
- उत्कृष्ट शिक्षा और विकास के लिए आवश्यक रूप से उत्कृष्ट अनुसंधान को प्रोत्साहन देना।

- इस कार्यक्रम का उद्देश्य भाषा और समाज के जटिल संबंधों की पहचान कराना भी है जिससे विद्यार्थी, देश, समाज, राष्ट्र विश्व के साथ बदलते समय में व्यापक सरोकारों से अपना सम्बन्ध जोड़ सके साथ ही साथ उसके भाषा कौशल, लेखन और संप्रेषण क्षमता का विकास हो सके।

कार्यक्रम के परिणाम (PO)

एम.ए हिन्दी कार्यक्रम की पूर्णता के उपरान्त विद्यार्थी निम्नलिखित परिणामों से लाभान्वित होगा।

PO 1.	ज्ञान कौशल	साहित्य को समझने, उसका आस्वादन करने तथा विविध दृष्टियों से मूल्याकंन करने की क्षमता का विकास करते हुए सभ्य मानव समाज के अन्य महत्त्वपूर्ण गुणों को बढावा देना।
PO 2.	शोधात्मक	साहित्यकारों के साहित्यिक व्यक्तिव एवम् कृतिव का परिचय तथा साहित्य के लिए उनके योगदान का ज्ञान और उनकी प्रासंगिकता की वैचारिक समझ का विकास।
PO 3.	संचार एवम् संप्रेषण कौशल	अनुसंधान भाषा ज्ञान से विचारों को मौखिक और लिखित रूप में प्रभावी ढ़ंग से प्रस्तुत करने की क्षमता का विकास।
PO 4.	भाषा ज्ञान	शैक्षणिक क्षेत्रों के अतिरिक्त प्रौद्योगिकी, व्यवसाय, बैंक आदि क्षेत्रों में कार्य करने के लिए भाषा ज्ञान का बोध।
PO 5.	ज्ञान के प्रति जागरूकता	स्थापित सिद्धान्तों और तकनीकों के आधार पर समकालीन विमर्शों का आलोचनात्मक आकलन करने की क्षमता का विकास।
PO 6.	व्यावसायिक क्षमता	साहित्य में चुने हुए विशिष्ट क्षेत्रों में मौलिकता, विश्लेषणात्मकता और महत्वपूर्ण कौशल रोजगार के लिए अग्रणी अुनशासन।

कार्यक्रम के विशेष परिणाम (PSO)

PSO1	साहित्यिक प्रवृत्तियों और विशेष बोलियों की अवधारणा का ज्ञान।
PSO2	साहित्य और उसकी सामाजिक – सांस्कृतिक पृष्ठभूमि का बोध।
PSO3	हिन्दी साहित्य की विविध धाराओं, परम्पराओं और विशेषताओं का बोध। समकालीन साहित्य विभिन्न रूपों, आंदोलनों, विमर्शों के माध्यम से युग बोध।
PSO4	हिन्दी भाषा के इतिहास का बोध तथा भाषायी कौशल, जनसंचार मीडिया, रंगमंच, चलचित्र, कम्प्यूटर प्रशिक्षण के सैद्धान्तिक व व्यावहारिक ज्ञान से जीवनयापन।
PSO5	विविध साहित्यिक एवम् सांस्कृतिक परम्पराओं के माध्यम से क्षेत्रीय और विश्व साहित्य का ज्ञान तथा जीवन मूल्यों को आत्मसात करने की क्षमता का निर्माण।
PSO6	वर्तमान सामाजिक चुनौतियों के बारे में जागरूकता प्रदर्शित करने वाली नैतिकता, मूल्यों, आदर्शों का बोध।

स्नातकोत्तर की महत्ता/विशेषता

- एम.ए हिंदी स्नातकोत्तर स्तर का कार्यक्रम है जिसका मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों के विवेक को विस्तार देते हुए गहन अध्ययन तथा शोध की उत्कंठा विकसित करना है।
- ज्ञान की शाखाओं के साथ–साथ आज विश्व को सजग आलोचनात्मक, विवेकशील और संवेदनशील व्यक्तित्व की आवश्यकता है जो समाज की नकारात्मक शक्तियों के विरुद्ध समानता और बंधुत्व के भाव की स्थापना कर सके।
- साहित्य का अध्ययन मनुष्य को इस संदर्भ में विस्तार देता है तथा मानवता की विजय में उसके विश्वास को दृढ करता है।
- भाषा आलोचना, काव्यशास्त्र का अध्ययन जहां सैद्धान्तिक समझ को विस्तृत करता है वही कविता, नाटक, कहानी में उन सिद्धांतों को व्यावहारिक रूप से समझने की युक्तियाँ छिपी रहती हैं।
- इस प्रकार एम.ए हिंदी का पाठ्यक्रम विद्यार्थी को सैद्धांतिक और व्यावहारिक दोनों रूपों में सक्षम बनाता है साथ ही पाठ्यक्रम की संरचना इस बात की छूट भी देती है कि वह मुक्त ऐच्छिक पाठ्यक्रम में अपनी इच्छा से विभिन्न विषयों को पढ़ सकें।

क्रेडिट का सेमेस्टर वार विवरण

सेमेस्टर – I = 26 (CC-20, DEC-4, Seminar-2)

सेमेस्टर – II = 30 (CC-20, DEC-4, VAC – 2, Internship-4)

सेमेस्टर – III = 26 (CC-8, DEC-16, OEC-2)

सेमेस्टर – iv = 26 (CC-8, DEC-16), EEC-2

कुल क्रेडिट = 108

1.	मूल पाठ्यक्रम	Core Course
2-	अनुशासन वैकल्पिक पाठ्यक्रम	**Discipline Elective Course**
3-	मूल्य संवर्द्धक पाठ्यक्रम	Value Added Course
4-	मुक्त वैकल्पिक पाठ्यक्रम	**Open Elective Course**
5-	व्यावसायिक और उद्यमशीलता क्षमता संवर्द्धक पाठ्यक्रम	Employability and Entrepreneurship Skills Course
6-	प्रशिक्षण	Internship
7-	शोध परियोजना	Research Project/Dissertation

स्नातकोत्तर कार्यक्रम, एम.ए. हिंदी पाठ्यक्रम और परीक्षा योजना
(NEP-2020)
सेमेस्टर-I

क्र0 सं0	पाठ्यक्रम की प्रकृति	पाठ्यक्रम कोड	पाठ्यक्रम का शीर्षक	लिखित (Theory) / सेमिनार (s)	क्रेडिट	समयावधि		परीक्षा योजना		
					लिखित	लिखित	कुल	आन्तरिक मूल्यांकन परीक्षा	लिखित परीक्षा	कुल अंक
1	CC-1	24L6.0-HIN-101	आदिकालीन एवं मध्यकालीन कविता	Th	4	4	4	30	70	100
2	CC-2	24L6.0-HIN-102	हिंदी साहित्य का इतिहास (आदिकाल से रीतिकाल तक)	Th	4	4	4	30	70	100
3	CC-3	24L6.0-HIN-103	हिंदी कथा साहित्य	Th	4	4	4	30	70	100
4	CC-4	24L6.0-HIN-104	भाषा विज्ञान एवं हिंदी भाषा	Th	4	4	4	30	70	100
5	CC-5	24L6.0-HIN-105	हिंदी नाटक एवं रंगमंच	Th	4	4	4	30	70	100
6	DEC -1	24L6.0-HIN-106 106 (i) 106 (ii)	निम्निलिखित में से किसी एक का चयन विद्यार्थी द्वारा किया जाएगा (i) कबीरदास (ii) तुलसीदास	Th	4	4	4	30	70	100
7	Seminar	24L6.0-HIN-107	संगोष्ठी	S	2	--	2	50	--	50
कुल					**26**	**24**	**26**	**230**	**420**	**650**

क्रेडिट = 26 **कुल अंक =650**

C.C. = मूल पाठ्यक्रम (Core Course)

D E C= विभागीय वैकल्पिक (Discipline Elective Course)

सेमेस्टर-II

क्र0 सं0	पाठ्यक्रम की प्रकृति	पाठ्यक्रम कोड	पाठ्यक्रम का शीर्षक	लिखित (Theory) / सेमिनार (s)	क्रेडिट	समयावधि		परीक्षा योजना		
					लिखित	लिखित	कुल	आन्तरिक मूल्यांकन परीक्षा	लिखित परीक्षा	कुल अंक
1	CC-6	24L6.0-HIN-201	आधुनिक हिंदी कविता–1	Th	4	4	4	30	70	100
2	CC-7	24L6.0-HIN-202	हिंदी साहित्य का इतिहास (आधुनिक काल)	Th	4	4	4	30	70	100
3	CC-8	24L6.0-HIN-203	कथेतर हिंदी साहित्य	Th	4	4	4	30	70	100
4	CC-9	24L6.0-HIN-204	भारतीय काव्यशास्त्र	Th	4	4	4	30	70	100
5	*CC/SEC-10	24L6.0-HIN-205	जनसंचार माध्यम एवं हिंदी	Th	4	4	4	30	70	100
6	DEC -2	24L6.0-HIN-206 206 (i) 206 (ii)	निम्निलिखित में से किसी एक का चयन विद्यार्थी द्वारा किया जाएगा (i) प्रेमचन्द (ii) अज्ञेय	Th	4	4	4	30	70	100
7	*VAC	24L6.0-CHM-201	सवैंधानिक मानवीय और नैतिक मूल्य एवं बौद्धिक सम्पदा अधिकार	Th	2	2	2	15	35	50
8	Internship	24L6.0 HIN-INT	An internship course of 4 Credits of 4-6 weeks duration during summer vacation after IInd semester. Internship can be either for enhancing the employability or for developing the research aptitude		4			50	50	100
कुल					**30**	**26**	**26**			**750**

क्रेडिट = 30 **कुल अंक =750**

CC = मूल पाठ्यक्रम (Core Course)
DEC = विभागीय वैकल्पिक (Discipline Elective Course)
VAC = मूल्यवर्धित (Value Added Course)
SEC = कौशल संवर्धन (Skill Enhancement Course)

Post Graduate Diploma in Hindi will be awarded if Candidate wants to exit after II Semester earning 56 credits

सेमेस्टर-III

क्र0 सं0	पाठ्यक्रम की प्रकृति	पाठ्यक्रम कोड	पाठ्यक्रम का शीर्षक	लिखित (Theory) / सेमिनार (s)	क्रेडिट	समयावधि		परीक्षा योजना		
					लिखित	लिखित	कुल	आन्तरिक मूल्यांकन परीक्षा	लिखित परीक्षा	कुल अंक
1	CC-11	24L6.5-HIN-301	आधुनिक हिंदी कविता–2	Th	4	4	4	30	70	100
2	CC-12	24L6.5-HIN-302	पाश्चात्य काव्यशास्त्र	Th	4	4	4	30	70	100
3	DEC -3	24L6.5-HIN-303	निम्निलिखित में से किसी एक का चयन विद्यार्थी द्वारा किया जाएगा (i) लोक साहित्य : संदर्भ एवं पाठ (ii) प्रवासी साहित्य	Th	4	4	4	30	70	100
4	DEC-4	24L6.5-HIN-304	निम्निलिखित में से किसी एक का चयन विद्यार्थी द्वारा किया जाएगा (i) सूरदास (ii) मीराबाई	Th	4	4	4	30	70	100
5	DEC-5	24L6.5-HIN-305	निम्निलिखित में से किसी एक का चयन विद्यार्थी द्वारा किया जाएगा (i) राष्ट्रीय काव्यधारा (ii) शोध प्रविधि एवं प्रक्रिया	Th	4	4	4	30	70	100
6	DEC -6	24L6.5-HIN-306	निम्निलिखित में से किसी एक का चयन विद्यार्थी द्वारा किया जाएगा (i) भारतेन्दु हरिश्चन्द्र (ii) बालमुकुंद गुप्त	Th	4	4	4	30	70	100
7	*OEC	24L6.5-OEC-HIN-301	हिंदी पत्रकारिता एवं मीडिया लेखन	Th	2	2	2	15	35	50
			कुल		26	26	26			650

क्रेडिट = 26 **कुल अंक =650**

CC = मूल पाठ्यक्रम (Core Course) **विभागीय वैकल्पिक (Discipline Elective Course)**

OEC = मुक्त वैकल्पिक (Open Elective Course)

(i) *OEC To be chose out of pool of courses provided by the University

सेमेस्टर-IV

क्र0 सं0	पाठ्यक्रम की प्रकृति	पाठ्यक्रम कोड	पाठ्यक्रम का शीर्षक	लिखित (Theory) / सेमिनार (s)	क्रेडिट	समयावधि		परीक्षा योजना		
					लिखित	लिखित	कुल	आन्तरिक मूल्यांकन परीक्षा	लिखित परीक्षा	कुल अंक
1	CC-13	24L6.5-HIN-401	हिंदी आलोचना	Th	4	4	4	30	70	100
2	CC-14	24L6.5-HIN-402	आधुनिक भारतीय साहित्य	Th	4	4	4	30	70	100
3	DEC -7	24L6.5-HIN-403 403 (i) 403 (ii)	निम्निलिखित में से किसी एक का चयन विद्यार्थी द्वारा किया जाएगा (i) अस्मितामूलक साहित्य चिंतन (स्त्री, दलित, आदिवासी आदि) (ii)) मध्यकालीन महिला संत कवयित्रियाँ	Th	4	4	4	30	70	100
4	DEC-8	24L6.5-HIN-404 404 (i) 404(ii)	निम्निलिखित में से किसी एक का चयन विद्यार्थी द्वारा किया जाएगा (i) जयशंकर प्रसाद (ii) सूर्यकांत त्रिपाठी निराला	Th	4	4	4	30	70	100
5	DEC-9	24L6.5-HIN-405 405(i) 405(ii)	निम्निलिखित में से किसी एक का चयन विद्यार्थी द्वारा किया जाएगा (i) समकालीन साहित्य चिंतन (मार्क्सवाद से विखण्डनवाद तक की विचारधाराओं के संदर्भ में) (ii) हिंदी की संस्कृति (संस्थाएं,पत्रिकाएं,आन्दोलन,केन्द्र)	Th	4	4	4	30	70	100
6	DEC-10	24L6.5-HIN-406 406 (i) 406 (ii)	निम्निलिखित में से किसी एक का चयन विद्यार्थी द्वारा किया जाएगा (i) हिंदी सिनेमा में भारतीयता (ii)अनुवाद सिद्धान्त एवं प्रयोग	Th	4	4	4	30	70	100
7	*EEC	24L6.5-HIN-407	निम्निलिखित में से किसी एक का चयन विद्यार्थी द्वारा किया जाएगा (i) हिंदी भाषा और कंप्यूटर (ii) सृजनात्मक लेखन	Th	2	2	2	15	35	50
कुल					**26**	**26**	**26**			**650**

क्रेडिट = 26 कुल अंक =650

CC = मूल पाठ्यक्रम (Core Course) DEC = विभागीय वैकल्पिक (Discipline Elective Course)
EEC= व्यावसायिक और उद्यमशीलता क्षमता (Employability and Entrepreneurship Skills Course) (EEC)

सेमेस्टर-IV

क्र0 सं0	पाठ्यक्रम की प्रकृति	पाठ्यक्रम कोड	पाठ्यक्रम का शीर्षक	लिखित (Theory) / सेमिनार (s)	क्रेडिट	समयावधि		परीक्षा योजना		
					लिखित	लिखित	कुल	आन्तरिक मूल्यांकन परीक्षा	लिखित परीक्षा	कुल अंक
1	CC-13	24L6.5-HIN-401	हिंदी आलोचना	Th	4	4	4	30	70	100
2	DEC -7	24L6.5-HIN-403 403 (i) 403 (ii)	निम्निलिखित में से किसी एक का चयन विद्यार्थी द्वारा किया जाएगा (i) अस्मितामूलक साहित्य चिंतन (स्त्री, दलित, आदिवासी आदि) (ii) मध्यकालीन महिला संत	Th	4	4	4	30	70	100
3	DEC-8	24L6.5-HIN-404 404 (i) 404(ii)	निम्निलिखित में से किसी एक का चयन विद्यार्थी द्वारा किया जाएगा (iii) जयशंकर प्रसाद (iv) सूर्यकांत त्रिपाठी निराला	Th	4	4	4	30	70	100
4	EEC	24L6.5-HIN-407	शोध नैतिकता (Research Ethics)	Th	2		2	15	35	50
5	लघु शोध प्रबंध/ शोध परियोजना				12			100	200	300
कुल					26	26	26			650

क्रेडिट = 26 कुल अंक =650

CC = मूल पाठ्यक्रम (Core Course)
DEC = विभागीय वैकल्पिक (Discipline Elective Course)
EEC= व्यावसायिक और उद्यमशीलता क्षमता (Employability and Entrepreneurship Skills Course) (EEC)
There will be One Core course and Three DEC in the 4th semester for those students who opted to write dissertation work / Project work
The evaluation of Dissertation is based on only external evaluation and workload will be as per university guidelines.

प्रथम सेमेस्टर
प्रथम प्रश्न पत्र

24L6.0-HIN-101
आदिकालीन एवं मध्यकालीन कविता

पूर्णांक : 100
लिखित : 70
आंतरिक मूल्यांकन : 30
समय : 3घण्टे

पाठ्यक्रम का उद्देश्य

- आदिकालीन एवं मध्यकालीन कविता की वैचारिक–सांस्कृतिक पृष्ठभूमि से परिचित करना।
- हिंदी साहित्य के आदिकालीन मध्यकालीन काव्य का विश्लेषणात्मक ज्ञान प्रदान करना।

पाठ्यक्रम के अपेक्षित परिणाम

- हिंदी साहित्य के प्रारम्भिक युग का विशिष्ट ज्ञान।
- प्रमुख कवियों एवं उनके काव्य सरोकारों तथा शिल्प की समझ का विकास।
- समतापरक समाज की आवश्यकताओं की समझ का विकास।
- सामाजिक – सांस्कृतिक चेतना की अन्तर्दृष्टि, ज्ञान परम्परा और मानवीय मूल्य की समझ का विकास।

नोटः–

1. पूरे पाठ्यक्रम से 6 वस्तुनिष्ठ प्रश्न पूछे जाएंगे। प्रत्येक प्रश्न एक–एक अंक का होगा।
2. इकाई 1 से 4 तक कोई 6 लघूत्तरी प्रश्न पूछे जाएंगे जिनमें से परीक्षार्थी को 200 शब्दों में किन्हीं 4 प्रश्नों का उत्तर देना होगा। प्रत्येक प्रश्न 4 अंक का होगा। पूरा प्रश्न 16 अंक का होगा।
3. इकाई 2, 3 एवं 4 से छः अवतरण व्याख्या के लिए दिए जाएंगे जिनमें से परीक्षार्थी को किन्हीं तीन अवतरणों की संदर्भ सहित व्याख्या करनी होगी। निर्धारित इकाईयों में से एक व्याख्या करनी अनिवार्य है। प्रत्येक व्याख्या के लिए 6 अंक निर्धारित हैं। पूरा प्रश्न 18 अंक का होगा।
4. निर्धारित रचनाओं व रचनाकारों से संबंधित कोई 6 आलोचनात्मक प्रश्न पूछे जाएंगे। परीक्षार्थी को उनमें से कोई तीन प्रश्न करने होंगे। तीनों प्रश्न तीन अलग–अलग रचनाओं या रचनाकारों पर आधारित होने चाहिए। प्रत्येक प्रश्न के लिए 10 अंक निर्धारित हैं। पूरा प्रश्न 30 अंकों का होगा।

इकाई– 1

भारतीय ज्ञान परम्परा के अन्तर्गत आदिकालीन एवं मध्यकालीन हिंदी काव्य का इतिहास
आदिकालीन एवं मध्यकालीन साहित्य की पृष्ठभूमि
आदिकालीन एवं मध्यकालीन साहित्य की विचारधारा, स्वरूप
भक्तिकाल का स्वरूप एवं दर्शन
रीतिकाल : युगबोध, अन्तर्वस्तु और सौन्दर्य विधान

इकाई– 2

चन्दबरदाई – रेवातट समय (नागरी प्रचारिणी सभा, वाराणसी)

अमीर खुसरो – (अमीर खुसरो : व्यक्तित्व और कृतित्व – डॉ० परमानन्द पांचाल, हिंदी बुक सेन्टर, दिल्ली) –
जे हाल ए मिंस्की मकुन तगाफुल
अम्मा मोरे बाबा को भेजो जी (गीत)
काहे को ब्याही विदेस रे (गीत)
बहुत कठिन है डगर पनघट की (गीत)
छाप तिलक तज दीन्हीं रे तो से नैना मिलाके (कव्वाली) (कुल 5 पद)

विद्यापति (विद्यापति की पदावली : सं0 रामवृक्ष बेनीपुरी)
निर्धारित पद – 1, 2, 5, 6, 9 (कुल 5 पद)

इकाई– 3

कबीर – (कबीर – संपादक आचार्य हजारीप्रसाद द्विवेदी, राजकमल प्रकाशन दिल्ली)
निर्धारित पद – 160, 162, 163, 164, 165, 168, 175, 177, 191, 201 (कुल 10 पद)

सूरदास : (भ्रमरगीत सार : संपादक रामचन्द्र शुक्ल, लोकभारती प्रकाशन दिल्ली)
निर्धारित पद– : 21, 23, 24, 25, 29, 34, 38, 42, 52, 64 = कुल 10 पद

तुलसीदास : (कवितावली : उत्तरकाण्ड – गीता प्रेस, गोरखपुर)
निर्धारित पद – 8, 26, 27, 29, 30, 32, 33, 35, 57, 96, 97 = कुल 10 पद

इकाई –4

जायसी – (पदमावत – स0 आचार्य रामचन्द्र शुक्ल, लोकभारती प्रकाशन दिल्ली)
नागमती वियोग खण्ड

मीराबाई – (मीरा – सं0 विश्वनाथ त्रिपाठी)
निर्धारित पद – 2, 9, 10, 11, 19 (कुल 5 पद)

बिहारी सतसई – (सं० जगन्नाथ दास रत्नाकर) –
छंद सं0 – 1, 3,13 14, 15, 16, 17, 25, 26, 28 (कुल 10 छंद)
भूषण – भूषण ग्रंथावली (सं0 विश्वनाथ प्रसाद मिश्र)
इंद्र जिमि जंभ पर
दारा की न दौर यह रारि
सजि चतुरंग वीर रंग में तुरंग चढि
राखि हिन्दुवानी हिन्दुवान को तिलक राखयों
ऊँचे घोर मंदर के अंदर रहनवादी
देबल गिरावते फिरावते निसान अली

सहायक पुस्तकें –

रेवा तट, पृथ्वीराज रासो, नागरी प्रचारिणी सभा ,वाराणसी

भूषण ग्रंथावली, संपादक विश्वनाथ प्रसाद मिश्र, वाणी प्रकाशन, नई दिल्ली

कवितावली, तुलसीदास ,गीता प्रेस, गोरखपुर

बिहारी रत्नाकर, सं0 जगन्नाथ दास रत्नाकर ,लोक भारती प्रकाशन ,इलाहाबाद

हिंदी साहित्य का इतिहास : रामचंद्र शुक्ल, नागरी प्रचारिणी सभा, वाराणसी

हिंदी साहित्य की भूमिका : हजारी प्रसाद द्विवेदी, राजकमल प्रकाशन, नई दिल्ली

मलिक मुहम्मद जायसी : रामचंद्र शुक्ल, नागरी प्रचारिणी सभा, वाराणसी

सूरदास : रामचंद्र शुक्ल, नागरी प्रचारिणी सभा, वाराणसी

गोस्वामी तुलसीदास : रामचंद्र शुक्ल, नागरी प्रचारिणी सभा, वाराणसी

कबीर : हजारीप्रसाद द्विवेदी, राजकमल प्रकाशन, नई दिल्ली

सूर साहित्य : हजारीप्रसाद द्विवेदी, राजकमल प्रकाशन, नई दिल्ली

जायसी : विजयदेव नारायण साही, हिंदुस्तानी अकादमी, इलाहाबाद

भक्ति आंदोलन और सूरदास का काव्य : मैनेजर पाण्डेय, वाणी प्रकाशन, नई दिल्ली

लोकवादी तुलसीदास : विश्वनाथ त्रिपाठी, राजकमल प्रकाशन, नई दिल्ली

मीरा का जीवन : अरविंद सिंह तेजावत, लोकभारती प्रकाशन

हिंदी रीति साहित्य : भगीरथ मिश्र, राजकमल प्रकाशन, नई दिल्ली

बिहारी का नया मूल्यांकन : बच्चन सिंह, लोकभारती प्रकाशन

कबीर : साखी और सबद : सं० पुरुषोत्तम अग्रवाल, नेशनल बुक ट्रस्ट ऑफ इंडिया, दिल्ली

घनानन्द का काव्य : रामदेव शुक्ल, लोकभारती प्रकाशन, दिल्ली

सरहपा : सं० विश्वम्भरनाथ उपाध्याय , साहित्य अकादमी, दिल्ली

अमीर खुसरो : व्यक्तित्व और कृतित्व : डॉ० परमानन्द पांचाल, हिंदी बुक सेन्टर, दिल्ली

प्रथम सेमेस्टर
द्वितीय प्रश्न पत्र

24L6.0-HIN-102
हिंदी साहित्य का इतिहास
(आदिकाल से रीतिकाल तक)

पूर्णांक : 100
लिखित : 70
आंतरिक मूल्यांकन : 30
समय : 3 घण्टे

पाठ्यक्रम का उद्देश्य

- हिंदी साहित्य की प्राचीन ज्ञान परम्परा का बोध।
- आदिकालीन, भक्तिकालीन और रीतिकालीन कालखंडों की परिस्थितियों, प्रमुख रचनाओं, काव्यगत विशेषताओं तथा प्रवृत्तियों का ज्ञान।

पाठ्यक्रम के अपेक्षित परिणाम

- इतिहास लेखन और साहित्यिक इतिहास के प्रति अभिरूचि का निर्माण होगा।
- प्रारंभिक और मध्यकालीन प्रवृत्तियों का बोध।
- सामाजिक–सांस्कृतिक और राजनीतिक परिस्थितियों से भारतीय ज्ञान परम्परा का बोध होगा।
- तत्कालीन कवियों के योगदान का समालोचनात्मक ज्ञान।

नोट :–

1. पूरे पाठ्यक्रम से 10 वस्तुनिष्ठ प्रश्न पूछे जाएंगे। प्रत्येक प्रश्न एक–एक अंक का होगा।
2. पूरे पाठ्यक्रम से कोई 8 लघूत्तरी प्रश्न पूछे जाएंगे जिनमें से परीक्षार्थी को 200 शब्दों में किन्हीं 5 प्रश्नों का उत्तर देना होगा। प्रत्येक प्रश्न 4 अंक का होगा। पूरा प्रश्न 20 अंक का होगा।
3. पाठ्यक्रम में निर्धारित प्रत्येक इकाई में से आंतरिक विकल्प के साथ एक–एक दीर्घ प्रश्न पूछा जाएगा। जिनमें से परीक्षार्थी को प्रत्येक इकाई से एक प्रश्न करना होगा। प्रत्येक प्रश्न के लिए 10 अंक निर्धारित हैं। पूरा प्रश्न 40 अंकों का होगा।

इकाई–1

भारतीय ज्ञान परम्परा के अन्तर्गत आदिकालीन एवं मध्यकालीन साहित्य का इतिहास
साहित्य के इतिहास की अवधारणा
हिंदी में साहित्य के इतिहास लेखन की परंपरा
साहित्य के इतिहास का काल विभाजन एवं नामकरण

इकाई–2

आदिकाल : नामकरण एवं पृष्ठभूमि
आदिकालीन साहित्य की प्रमुख प्रवृत्तियाँ

सिद्ध साहित्य, नाथ साहित्य, जैन साहित्य, रासो साहित्य, लोक साहित्य।

इकाई–3

भक्तिकाल : सामाजिक, सांस्कृतिक और दार्शनिक पृष्ठभूमि
वैष्णव भक्ति का उदय और दक्षिण के आलवार संत
निर्गुण एवं सगुण भक्ति का स्वरूप एवं प्रवृतियाँ
भक्तिकाल के प्रमुख कवियों का परिचय
भक्तिकालीन गद्य–साहित्य

इकाई–4

दरबारी संस्कृति और रीतिकाल
रीतिकाल : परिस्थितियाँ एवं नामकरण
रीति कवियों का आचार्यत्व
रीति सिद्ध, रीतिबद्ध एवं रीतिमुक्त काव्यधाराएं,
रीतिकाल के प्रमुख कवि और उनका काव्य

सहायक पुस्तकें –

हिंदी साहित्य का इतिहास, रामचंद्र शुक्ल , नागरी प्रचारणी सभा, वाराणसी।
हिंदी साहित्य का इतिहास, सं. डॉ. नगेंद्र– मयूर पेपर बैक्स, दिल्ली।
त्रिवेणी, रामचंद्र शुक्ल, नागरी प्रचारणी सभा, वाराणसी।
हिंदी साहित्य का आदिकाल, हजारी प्रसाद द्विवेदी, बिहार राष्ट्रभाषा परिषद्, पटना।
हिंदी साहित्य की भूमिका, हजारी प्रसाद द्विवेदी, राजकमल, नई दिल्ली।
हिंदी साहित्य का उद्भव और विकास, हजारी प्रसाद द्विवेदी, राजकमल, नई दिल्ली।
हिंदी साहित्य का अतीत (दो खण्ड), विश्वनाथ प्रसाद मिश्र, वाणी प्रकाशन।
रीतिकाल की भूमिका, डॉ. नगेंद्र, नेशनल पब्लिशिंग हाउस, दिल्ली।
हिंदी रीति साहित्य– भगीरथ मिश्र– राजकमल, नई दिल्ली।
परंपरा का मूल्यांकन, रामविलास शर्मा, राजकमल प्रकाशन, नई दिल्ली।
लोक जागरण और हिंदी साहित्य , रामविलास शर्मा, राजकमल प्रकाशन, नई दिल्ली।
हिंदी साहित्य का सरल इतिहास, विश्वनाथ त्रिपाठी , ओरिएंट ब्लैकस्वान, दिल्ली।
वैष्णव भक्ति का उदय और विकास, सुवीरा जायसवाल, ग्रंथशिल्पी, नई दिल्ली।
हिंदी साहित्य और संवेदना का विकास, रामस्वरूप चतुर्वेदी, लोकभारती प्रकाशन, इलाहाबाद।
भक्ति आंदोलन और भक्ति काव्य , शिवकुमार मिश्र, लोकभारती प्रकाशन, इलाहाबाद।
हिंदी साहित्य का दूसरा इतिहास, बच्चन सिंह, राजकमल प्रकाशन, नई दिल्ली।
हिंदी साहित्य का आलोचनात्मक इतिहास, डॉ0 रामकुमार वर्मा, लोकभारती प्रकाशन, दिल्ली।
संत काव्य , परशुराम चतुर्वेदी, किताब महल, इलाहाबाद।

प्रथम सेमेस्टर
तृतीय प्रश्न पत्र

24L6.0-HIN-103
हिंदी कथा साहित्य

पूर्णांक : 100
लिखित : 70
आंतरिक मूल्यांकन : 30
समय : 3 घण्टे

पाठ्यक्रम का उद्देश्य

- हिंदी उपन्यास एवं कहानी के विकास क्रम की जानकारी देना।
- प्रेमचन्दयुगीन हिंदी उपन्यास एवं कहानी के साथ – साथ समकालीन हिंदी कहानी से अवगत कराना।

पाठ्यक्रम के अपेक्षित परिणाम

- उपन्यास एवं कहानी की विकास यात्रा के विविध सोपानों का ज्ञान प्राप्त करने से तत्कालीन परिस्थितियों, समाज, संस्कृति से अवगत होते हुए समीक्षात्मक दृष्टि का विकास होगा।
- समकालीन उपन्यास एवं कहानी में आधुनिकता की अंतर्दृष्टि और जीवन के विभिन्न आयामों का बोध।
- विद्यार्थी प्रारम्भिक कहानी से लेकर विविध कहानी आन्दोलनों से परिचित कराना होंगे।
- प्रमुख रचनाकारों की रचनाओं के माध्यम से तत्कालीन सामाजिक परिस्थितियों का ज्ञान प्रदान करना।

नोट :–

1. पूरे पाठ्यक्रम से 6 वस्तुनिष्ठ प्रश्न पूछे जाएंगे। प्रत्येक प्रश्न एक–एक अंक का होगा।
2. इकाई 1 से 4 तक कोई 6 लघूत्तरी प्रश्न पूछे जाएंगे जिनमें से परीक्षार्थी को 200 शब्दों में किन्हीं 4 प्रश्नों का उत्तर देना होगा। प्रत्येक प्रश्न 4 अंक का होगा। पूरा प्रश्न 16 अंक का होगा।
3. इकाई 2, 3 एवं 4 से छः अवतरण व्याख्या के लिए दिए जाएंगे जिनमें से परीक्षार्थी को किन्हीं तीन अवतरणों की संदर्भ सहित व्याख्या करनी होगी। निर्धारित इकाईयों में से एक व्याख्या करनी अनिवार्य है। प्रत्येक व्याख्या के लिए 6 अंक निर्धारित हैं। पूरा प्रश्न 18 अंक का होगा।
4. निर्धारित रचनाओं व रचनाकारों से संबंधित कोई 6 आलोचनात्मक प्रश्न पूछे जाएंगे। परीक्षार्थी को उनमें से कोई तीन प्रश्न करने होंगे। तीनों प्रश्न तीन अलग–अलग रचनाओं या रचनाकारों पर आधारित होने चाहिए। प्रत्येक प्रश्न के लिए 10 अंक निर्धारित हैं। पूरा प्रश्न 30 अंकों का होगा।

इकाई–1

हिंदी कहानी : उद्भव, विकास और स्वरूप
प्रेमचंदयुगीन हिंदी कहानी
विविध कहानी आन्दोलन
उपन्यास : अवधारणा, उद्भव और
विकास
प्रेमचन्दयुगीन हिंदी उपन्यास और भारतीय परिवेश
प्रेमचन्द परवर्ती उपन्यास

देश विभाजन और हिंदी उपन्यास
स्त्री उपन्यास लेखन
1990 के बाद के हिंदी उपन्यास

इकाई–2

उपन्यास

प्रेमचन्द : गोदान
हजारीप्रासद द्विवेदी : बाणभट्ट की आत्मकथा

इकाई–3

निर्धारित कहानियाँ

उसने कहा था – चंद्रधर शर्मा गुलेरी
आकाशदीप – जयशंकर प्रसाद
प्रेमचन्द – ईदगाह
तीसरी कसम – फणीश्वरनाथ रेणु

इकाई–4

निर्धारित कहानियाँ

चीफ की दावत – भीष्म साहनी
पिता – ज्ञानरंजन
यही सच है – मन्नू भडारी
घुंसपैठिये – ओमप्रकाश वाल्मीकि

सहायक पुस्तकें –

गोदान, मुंशी प्रेमचंद, लोक भारती प्रकाशन, इलाहाबाद
बाणभट्ट की आत्मकथा, हजारी प्रसाद द्विवेदी,राजकुमार प्रकाशन, नई दिल्ली
उसने कहा था और अन्य कहानियां, चंद्रधर शर्मा गुलेरी, राजपाल एंड संस, नई दिल्ली
ईदगाह एवं अन्य कहानियां,, प्रेमचंद एकता प्रकाशन, नई दिल्ली
प्रतिनिधि कहानियां, भीष्म साहनी किताबघर प्रकाशन, दिल्ली
कथा सरित्सागर–(तीन खण्ड), बिहार राष्ट्र भाषा परिषद् पटना।
हिंदी कहानी का विकास, गोपाल राय, राजकमल प्रकाशन,नई दिल्ली।
प्रेमचंद और उनका युग, रामविलास शर्मा, राजकमल प्रकाशन, नई दिल्ली।
कहानी नई कहानी, नामवर सिंह लोकभारती प्रकाशन इलाहाबाद।
नई कहानी : संदर्भ एवं प्रकृति , देवीशंकर अवस्थी, राजकमल प्रकाशन, नई दिल्ली।
हिंदी कहानी : प्रक्रिया और पाठ, सुरेन्द्र चौधरी, अंतिका प्रकाशन, गाजियाबाद।
हिंदी कहानी : रचना और परिस्थिति– सुरेंद्र चौधरी, अंतिका प्रकाशन, गाजियाबाद।
हिंदी कहानी : अस्मिता की तलाश, मधुरेश, आधार प्रकाशन, पंचकूला।
कहानी का लोकतंत्र, पल्लव, आधार प्रकाशन , पंचकूला।
हिंदी कहानी : वक्त की शिनाख्त और सृजन का राग, रोहिणी अग्रवाल, वाणी प्रकाशन, नई दिल्ली।
हिंदी कहानी का विकास, मधुरेश, लोकभारती प्रकाशन, इलाहाबाद।
एक दुनिया समानांतर, राजेन्द्र यादव, राजकमल, नई दिल्ली।
कहानी का ताना बाना – जोगेन्द्र पॉल, वाणी प्रकाशन दिल्ली।

उपन्यास दशक – राजेन्द्र यादव, हिंदी अकादमी दिल्ली
फेंस के इधर और उधर,, ज्ञानरंजन पुस्तक संस्थान,कानपुर

प्रथम सेमेस्टर
चतुर्थ प्रश्न पत्र

24L6.0-HIN-104
भाषा विज्ञान एवं हिंदी भाषा

पूर्णांक : 100
लिखित : 70
आंतरिक मूल्यांकन : 30
समय : 3 घण्टे

पाठ्यक्रम का उद्देश्य

- भाषा विज्ञान की अवधारणा एवं हिंदी भाषा के इतिहास की समझ विकसित करना।
- भाषा के वैज्ञानिक स्वरूप को समझते हुए हिंदी भाषा की वैज्ञानिक दृष्टि से परिचित कराना।
- भारत के भाषा परिवारों और प्रमुख भाषाओं का ज्ञान।

पाठ्यक्रम के अपेक्षित परिणाम

- भाषा विज्ञान के विभिन्न अंगों के बारे में जानकारी ।
- भाषा की रूपगत सांचना का बोध।
- हिंदी भाषा के प्रयोग और उच्चारण की क्षमता का विकास।
- अन्य भारतीय लोक भाषाओं के भाषिक स्वरूप का परिचय।
- भाषा की संवैधानिक स्थिति का ज्ञान तथा हिंदी के वैश्विक महत्त्व का बोध।

नोट :–

1. पूरे पाठ्यक्रम से 10 वस्तुनिष्ठ प्रश्न पूछे जाएंगे। प्रत्येक प्रश्न एक–एक अंक का होगा।
2. पूरे पाठ्यक्रम से कोई 8 लघूत्तरी प्रश्न पूछे जाएंगे जिनमें से परीक्षार्थी को 200 शब्दों में किन्हीं 5 प्रश्नों का उत्तर देना होगा। प्रत्येक प्रश्न 4 अंक का होगा। पूरा प्रश्न 20 अंक का होगा।
3. पाठ्यक्रम में निर्धारित प्रत्येक इकाई में से आंतरिक विकल्प के साथ एक–एक दीर्घ प्रश्न पूछा जाएगा। जिनमें से परीक्षार्थी को प्रत्येक इकाई से एक प्रश्न करना होगा। प्रत्येक प्रश्न के लिए 10 अंक निर्धारित हैं। पूरा प्रश्न 40 अंकों का होगा।

इकाई –1

भाषा की परिभाषा और प्रवृत्ति
भाषा अध्ययन की दिशाएं –वर्णनात्मक, ऐतिहासिक, तुलनात्मक
हिंदी की उपभाषाएं : पूर्वी हिंदी और उसकी बोलियाँ, पश्चिमी हिंदी और उसकी बोलियाँ
हिंदी के विविध रूप : बोली, भाषा, मानक भाषा, राजभाषा, राष्ट्रभाषा
आधुनिक भारतीय आर्य भाषाएँ और ग्रियर्सन का वर्गीकरण
काव्य भाषा के रूप में अवधी का विकास
काव्य भाषा के रूप में ब्रज का विकास
साहित्यिक हिंदी के रूप में खड़ी बोली का विकास
हिंदी की संवैधानिक स्थिति

इकाई –2

ध्वनि उत्पादन की प्रक्रिया
स्वर एवं व्यंजन : परिभाषा और वर्गीकरण
स्वनगुण एवं उसकी सार्थकता
स्वनिक परिवर्तन की दिशाएं

इकाई –3

शब्द : परिभाषा और वर्गीकरण
वर्तनी : परिभाषा और स्वरूप
भाषा की प्रथम और सहज इकाई के रूप में वाक्य
वाक्य की गहन एवं बाह्य संरचना
वाक्य के प्रकार :

(i) रचना की दृष्टि से

(ii) अर्थ की दृष्टि से

हिंदी का मानकीकरण

इकाई –4

अर्थ : परिभाषा, शब्द–अर्थ संबंध
अर्थ–परिवर्तन की दिशाएं
भाषा और व्याकरण संबंध
नागरी लिपि : नामकरण और सुधार का इतिहास
नागरी लिपि की वैज्ञानिकता और मानकीकरण
हिंदी : प्रचार–प्रसार – प्रमुख व्यक्तियों का योगदान, प्रमुख संस्थाओं का योगदान

सहायक पुस्तकें –

भाषा और हिंदी भाषा का इतिहास , डॉ0 नरेश मिश्र, हरियाणा साहित्य अकादमी, पंचकूला
भाषाविज्ञान एवं हिंदी , डॉ0 नरेश मिश्र, राजपाल एण्ड सन्स, मदरसा रोड, कश्मीरी गेट, दिल्ली
हिंदी भाषा , डॉ0 भोलानाथ तिवारी, किताब महल, सरोजनी नायडू मार्ग, इलाहाबाद
भाषाविज्ञान , डॉ0 भोलानाथ तिवारी, किताब महल, सरोजनी नायडू मार्ग, इलाहाबाद
भाषाविज्ञान की भूमिका , प्रो0 देवेन्द्र नाथ शर्मा, राधाकृष्ण प्रकाशन, दरियागंज दिल्ली
हिंदी भाषा का इतिहास , डॉ0 धीरेन्द्र वर्मा, हिंदुस्तानी एकेडमी, प्रयाग
हिंदी : उद्‌भव विकास और रूप , डॉ0 हरदेव बाहरी, किताब महल, इलाहाबाद
सामान्य भाषाविज्ञान , डॉ0 बाबूराम सक्सेना, हिंदी साहित्य सम्मेलन, प्रयाग
व्याकरणिक कोटियों का विश्लेषणात्मक अध्ययन, डॉ0 दीप्ति शर्मा, बिहार ग्रंथ अकादमी कदमकुऑ, पटना
आधुनिक भाषाविज्ञान, कृपाशंकर सिंह, चतुर्भुज सहाय, नेशनल पब्लिशिंग हाउस, दरियागंज, दिल्ली
हिंदी व्याकरण, कामताप्रसाद गुरु
हिंदी की आत्मा, डॉ धर्मवीर, समता प्रकाशन दिल्ली।
देवनागरी लिपि का मानकीकरण, हिंदी कार्यान्वयन निदेशालय दिल्ली।
भारतीय आर्य भाषा और हिंदी ,सुनीति कुमार चटर्जी ,राजकमल प्रकाशन ,दिल्ली
हिंदी भाषा और नागरी लिपि का विकास, बालगोविंद मिश्र, हिंदी साहित्य प्रेस ,इलाहाबाद
भाषा साहित्य और इतिहास का पुनर्पाठ, राजेंद्र प्रसाद सिंह, सम्यक प्रकाशन ,दिल्ली
भाषा विज्ञान एवं भाषा शास्त्र ,डा. कपिल द्विवेदी, विश्वविद्यालय प्रकाशन, वाराणसी

प्रथम सेमेस्टर
पंचम प्रश्न पत्र

24L6.0-HIN-105
हिंदी नाटक एवं रंगमंच

पूर्णांक : 100
लिखित : 70
आंतरिक मूल्यांकन : 30
समय : 3 घण्टे

पाठ्यक्रम का उद्देश्य

- नाटक के रचना विधान और रंगमंचीय पक्ष का आधुनिक दृष्टि से ज्ञान।
- हिंदी के नाट्य साहित्य के विकास क्रम की जानकारी देना।

पाठ्यक्रम के अपेक्षित परिणाम

- साहित्यिक रूप के साथ–साथ प्रदर्शनकारी कला का अभिन्न अंग होने के कारण नाटक की विशेष स्थिति को ध्यान में रखते हुए शिक्षण पद्धति का विकास होगा
- विभिन्न भाषाओं के नाटकों के अध्ययन से उनमें व्यक्त लोक जीवन के प्रति व्यापक दृष्टि विकसित होगी।
- नाटक और रंगमंच के विकास क्रम की जानकारी, नाटककारों की नाट्य कला के अध्ययन तथा रंगमंचीय कला का ज्ञान प्राप्त करके अभिनय कला का विकास ।
- मनुष्य एवं जीवन जगत के अन्तसंम्बन्धों की समझ का विकास, रंगमंच कला के विभिन्न पहलुओं का परिचय तथा रोजगार के अवसर।

नोट :–

1. पूरे पाठ्यक्रम से 6 वस्तुनिष्ठ प्रश्न पूछे जाएंगे। प्रत्येक प्रश्न एक–एक अंक का होगा।
2. इकाई 1 से 4 तक कोई 6 लघूत्तरी प्रश्न पूछे जाएंगे जिनमें से परीक्षार्थी को 200 शब्दों में किन्हीं 4 प्रश्नों का उत्तर देना होगा। प्रत्येक प्रश्न 4 अंक का होगा। पूरा प्रश्न 16 अंक का होगा।
3. इकाई 2, 3 एवं 4 से छः अवतरण व्याख्या के लिए दिए जाएंगे जिनमें से परीक्षार्थी को किन्हीं तीन अवतरणों की संदर्भ सहित व्याख्या करनी होगी। निर्धारित इकाईयों में से एक व्याख्या करनी अनिवार्य है। प्रत्येक व्याख्या के लिए 6 अंक निर्धारित हैं। पूरा प्रश्न 18 अंक का होगा।
4. निर्धारित रचनाओं व रचनाकारों से संबंधित कोई 6 आलोचनात्मक प्रश्न पूछे जाएंगे। परीक्षार्थी को उनमें से कोई तीन प्रश्न करने होंगे। तीनों प्रश्न तीन अलग–अलग रचनाओं या रचनाकारों पर आधारित होने चाहिए। प्रत्येक प्रश्न के लिए 10 अंक निर्धारित हैं। पूरा प्रश्न 30 अंकों का होगा।

इकाई– 1

नाटक और रंगमंच : अवधारणा और स्वरूप
हिंदी नाटक : उद्भव और विकास
हिंदी रंगमंच : उद्भव और विकास
हिंदी नाटक : आधुनिकता बोध और प्रयोगधर्मिता
नाटक और रंगमंच का अंतः सम्बन्ध
नाट्य भेद

निर्देशक, अभिनेता

इकाई – 2

भारतेन्दु हरिश्चन्द्र : अंधेर नगरी
जयशंकर प्रसाद : ध्रुवस्वामिनी

इकाई – 3

मोहन राकेश : आषाढ का एक दिन
धर्मवीर भारती : अंधायुग

इकाई – 4

लक्ष्मी नारायण मिश्र : सिन्दूर की होली
चन्द्रशेखर : शिवधनुष

सहायक पुस्तकें –

शिवधनुष, चन्द्रशेखर, आत्माराम एंड सन्स, नई दिल्ली
अंधेर नगरी भारतेन्दु, अशोक प्रकाशन, नई दिल्ली
अंधायुग, धर्मवीर भारती, किताब घर, नई दिल्ली
भारतेन्दु हरिश्चंद्र और हिंदी नवजागरण की समस्या : रामविलास शर्मा, राजकमल प्रकाशन नई दिल्ली
भारतेन्दु युग और हिंदी भाषा की समस्या : रामविलास शर्मा, राजकमल प्रकाशन नई दिल्ली
प्रसाद के नाटकों का शास्त्रीय अध्ययन : जगन्नाथ शर्मा, वाणी प्रकाशन, नई दिल्ली
हिंदी नाटक उद्भव और विकास : दशरथ ओझा, राजपाल एंड सन्स
हिंदी नाटक का आत्मसंघर्ष : गिरीश रस्तोगी, लोकभारती प्रकाशन, इलाहाबाद
आधुनिक भारतीय नाट्य विमर्श : जयदेव तनेजा, राधाकृष्ण प्रकाशन
मोहन राकेश और उसके नाटक : गिरीश रस्तोगी, लोकभारती प्रकाशन, इलाहाबाद
हिंदी नाटक : बच्चन सिंह, राधाकृष्ण प्रकाशन, नई दिल्ली
मोहन राकेश रंग शिल्प एवं प्रदर्शन : जयदेव तनेजा, राधाकृष्ण प्रकाशन, नई दिल्ली
हिंदी साहित्य का इतिहास : रामचंद्र शुक्ल, प्रकाशन विभाग, नई दिल्ली
नाटक दशक – हिंदी अकादमी, दिल्ली।

प्रथम सेमेस्टर
षष्ठ प्रश्न पत्र

24L6.0-HIN-106 **(i)**
कबीरदास

पूर्णांक : 100
लिखित : 70
आंतरिक मूल्यांकन : 30
समय : 3घण्टे

पाठ्यक्रम का उद्देश्य

- भारतीय ज्ञान परम्परा में कबीर के माध्यम से निर्गुण संतों की व्यावहारिकता व सामाजिकता का ज्ञान।
- समकालीन संदर्भो में कबीरदास की प्रासंगिकता से अवगत कराना।

पाठ्यक्रम के अपेक्षित परिणाम

- कबीर वाणी में निहित समाज सुधार की गहरी चिंताओं के द्वारा जीवन में सच्चे अर्थो में मनुष्यता का विकास।
- निर्गुण भक्ति के ज्ञान और प्रेम की महता के माध्यम से नयी मूल्य दृष्टि का विकास।
- आडम्बरों, कुरीतियों, और भेदभाव से मुक्त समाज निर्माण की प्रेरणा का विकास ।
- हिंदी आलोचना में कबीरदास के चिंतन से आलोचनात्मक समझ का विकास।

नोट :–

1. पूरे पाठ्यक्रम से 6 वस्तुनिष्ठ प्रश्न पूछे जाएंगे। प्रत्येक प्रश्न एक–एक अंक का होगा।
2. इकाई 1 से 4 तक कोई 6 लघूत्तरी प्रश्न पूछे जाएंगे जिनमें से परीक्षार्थी को 200 शब्दों में किन्हीं 4 प्रश्नों का उत्तर देना होगा। प्रत्येक प्रश्न 4 अंक का होगा। पूरा प्रश्न 16 अंक का होगा।
3. इकाई 3 एवं 4 से छः अवतरण व्याख्या के लिए दिए जाएंगे जिनमें से परीक्षार्थी को किन्हीं तीन अवतरणों की संदर्भ सहित व्याख्या करनी होगी। निर्धारित इकाईयों में से एक व्याख्या करनी अनिवार्य है। प्रत्येक व्याख्या के लिए 6 अंक निर्धारित हैं। पूरा प्रश्न 18 अंक का होगा।
4. निर्धारित रचनाओं व रचनाकारों से संबंधित कोई 6 आलोचनात्मक प्रश्न पूछे जाएंगे। परीक्षार्थी को उनमें से कोई तीन प्रश्न करने होंगे। तीनों प्रश्न तीन अलग–अलग रचनाओं या रचनाकार पर आधारित होने चाहिए। प्रत्येक प्रश्न के लिए 10 अंक निर्धारित हैं। पूरा प्रश्न 30 अंकों का होगा।

इकाई – 1

कबीर का समय
कबीर की प्रासंगिकता
कबीर का रहस्यवाद
कबीर की भक्ति भावना
कबीर के राम
कबीर की भाषा

इकाई– 2

कबीर की क्रांति चेतना
कबीर का स्त्री–विषयक चिंतन

कबीर की मानवतावादी दृष्टि
कबीर के पारिभाषिक शब्द
अलख, सहज, शून्य, निरंजन, अजपाजाप, अनहदनाद, सुरति निरति,
नाद बिन्दु, औंधा कुँआ

इकाई– 3

कबीर ग्रंथावली : सं० श्यामसुन्दर दास (निर्धारित 30 पद)
निर्धारित पद : 1 ,8, 14, 16 ,21, 23, 24, 34, 39, 41, 42, 43, 49, 57, 59,
60, 61, 64, 80, 89, 91, 92, 111, 117, 129, 132, 136, 139, 153, 156

इकाई– 4

साखी
गुरुदेव कौ अंग –1, 2, 4, 9, 11, 12, 13, 15, 20, 34 (10)
बिरह कौ अंग – 3, 6, 11, 12, 18, 22, 25 ,27, 29, 33 (10)
निहकर्मी पतिव्रता कौ अंग – 2, 3, 4, 5, 6, 9, 14, 15, 16, 28 (10)
माया कौ अंग – 6, 7, 10, 11, 12, 13, 14, 15, 17, 20,(10)
कुसंगति कौ अंग
संगति कौ अंग
साध कौ अंग
विचार कौ अंग
कस्तूरियां मृग कौ अंग

सहायक पुस्तकें –

कबीर : हजारीप्रसाद द्विवेदी, राजकमल प्रकाशन, नई दिल्ली
कबीर मीमांसा : डॉ० रामचन्द्र तिवारी, लोकभारती प्रकाशन, इलाहाबाद
कबीर साहित्य की परख : परशुराम चतुर्वेदी, भारती भण्डार, इलाहाबाद उत्तर
भारत की संत परम्परा : परशुराम चतुर्वेदी, भारती भण्डार, इलाहाबाद
हिंदी काव्य में निर्गुणधारा : पीत्ताम्बर दत्त बड़थ्वाल, अवध पब्लिशिंग हाउस,
लखनऊ कबीर की विचारधारा : गोविंद त्रिगुणायत, साहित्य निकेतन, कानपुर
हिंदी की निर्गुण काव्यधारा और कबीर : डॉ० राजदेव सिंह, वाणी प्रकाशन,
दिल्ली संत कबीर : डॉ० रामकुमार वर्मा, साहित्य भवन, इलाहाबाद

प्रथम सेमेस्टर
षष्ठ प्रश्न पत्र

24L6.0-HIN-106 **(ii)**
तुलसीदास

पूर्णांक : 100
लिखित : 70
आंतरिक मूल्यांकन : 30
समय : 3घण्टे

पाठ्यक्रम का उद्देश्य

- भारतीय ज्ञान परम्परा के परिप्रेक्ष्य में तुलसीदास के व्यक्तित्व एवं कृतित्व से परिचित कराना।
- भारतीय ज्ञान परम्परा के आधार पर तुलसीदास की काव्य कला से परिचित कराना।

पाठ्यक्रम के अपेक्षित परिणाम

- तुलसीदास की युगीन परिस्थितियों से अवगत होते हुए, काव्य कला की श्रेष्ठता तथा काव्यगत मूल्यों को धारण करना।
- भारतीय ज्ञान परम्परा के मूल तत्वों भक्ति नीति, दर्शन, संस्कृति, राष्ट्रप्रेम, आदि पर आधारित मूल्यों को धारण करते हुए वर्तमान को सुखद बनाना।
- अध्यात्म और भौतिकतावाद में सामंजस्य बनाने की शक्ति, क्षमता को विकसित करना।
- तुलसीदास के काव्य की प्रासंगिकता से परिचित कराना।

नोट :–

1. पूरे पाठ्यक्रम से 6 वस्तुनिष्ठ प्रश्न पूछे जाएंगे। प्रत्येक प्रश्न एक–एक अंक का होगा।
2. इकाई 1 से 4 तक कोई 6 लघूत्तरी प्रश्न पूछे जाएंगे जिनमें से परीक्षार्थी को 200 शब्दों में किन्हीं 4 प्रश्नों का उत्तर देना होगा। प्रत्येक प्रश्न 4 अंक का होगा। पूरा प्रश्न 16 अंक का होगा।
3. इकाई 3 एवं 4 से छः अवतरण व्याख्या के लिए दिए जाएंगे जिनमें से परीक्षार्थी को किन्हीं तीन अवतरणों की संदर्भ सहित व्याख्या करनी होगी। निर्धारित इकाईयों में से एक व्याख्या करनी अनिवार्य है। प्रत्येक व्याख्या के लिए 6 अंक निर्धारित हैं। पूरा प्रश्न 18 अंक का होगा।
4. निर्धारित रचनाओं व रचनाकारों से संबंधित कोई 6 आलोचनात्मक प्रश्न पूछे जाएंगे। परीक्षार्थी को उनमें से कोई तीन प्रश्न करने होंगे। तीनों प्रश्न तीन अलग–अलग रचनाओं या रचनाकार पर आधारित होने चाहिए। प्रत्येक प्रश्न के लिए 10 अंक निर्धारित हैं। पूरा प्रश्न 30 अंकों का होगा।

इकाई – 1

भक्तियुगीन पृष्ठभूमि और तुलसीदास
रामकाव्य–परम्परा और तुलसीदास
तुलसी का समाज दर्शन

इकाई– 2

तुलसीदास की लोकमगंल एवं समन्वय की भावना
तुलसी काव्य की प्रासंगिकता
तुलसीदास की भाषा एवं सौंदर्यबोध

इकाई– 3

रामचरितमानस (गीता प्रेस, गोरखपुर)
उत्तरकाण्ड – 81 से 130 तक (दोहे चौपाइयाँ)

इकाई– 4

विनय पत्रिका (गीता प्रेस, गोरखपुर)
निर्धारित छंद – 71,72,76,77,79,90,102,105,111,115, (10 छंद)

सहायक पुस्तकें –

गोस्वामी तुलसीदास, रामचंद्र शुक्ल, नागरी प्रचारिणी सभा, वाराणसी
लोकवादी तुलसीदास, विश्वनाथ त्रिपाठी, राधाकृष्ण प्रकाशन, दिल्ली
तुलसी , राममूर्ति त्रिपाठी, लोकभारती प्रकाशन, इलाहाबाद
तुलसी दर्शन मीमांसा, उदयभानु सिंह, नागरी प्रचारिणी सभा, वाराणसी
भक्ति आंदोलन और आचार्य रामचंद्र शुक्ल : बैजनाथ प्रसाद, विशाल पब्लिकेशंस, पटना
तुलसी संदर्भ , डॉ० नगेन्द्र, वाणी प्रकाशन, दिल्ली
तुलसीदास, माताप्रसाद गुप्त, लोकभारती प्रकाशन, इलाहाबाद
भक्ति आंदोलन और भक्ति काव्य, शिवकुमार मिश्र, लोकभारती प्रकाशन, इलाहाबाद
तुलसीदास, अजय तिवारी, आधार प्रकाशन, पंचकूला
भक्ति,नीति और दर्शन, हरिश्चन्द्र वर्मा, आधार प्रकाशन, पंचकूला

प्रथम सेमेस्टर
सप्तम् प्रश्न पत्र
संगोष्ठी (Seminar)

24L6.0-HIN-107

संगोष्ठी (Seminar)

पूर्णांक : 50 अंक

द्वितीय सेमेस्टर
प्रथम प्रश्न पत्र

24L6.0-HIN-201
आधुनिक हिंदी कविता–I

पूर्णांक : 100
लिखित : 70
आंतरिक मूल्यांकन : 30
समय : 3 घण्टे

पाठ्यक्रम का उद्देश्य

- काव्य विकास के चरणों के साथ विद्यार्थियों को प्रमुख कवियों का ज्ञान प्रदान करना।
- नवजागरण कालीन साहित्यिक, सामाजिक, प्रवृत्तियों और परिस्थितयों से अवगत कराते हुए काव्यगत विशेषताओं से परिचित कराना।

पाठ्यक्रम के अपेक्षित परिणाम

- खडी बोली में कविता के आरम्भिक स्वरूप का बोध।
- देश प्रेम और राष्ट्रीय चेतना का विकास।
- तत्कालीन समाज व संस्कृति को आत्मसात करते हुए समीक्षा की दृष्टि का विकास।
- भारतेन्दु, द्विवेदी और छायावाद युगीन कवियों की संवेदना, काव्य भाषा एवं प्रवृतियों का ज्ञान।

नोट :–

1. पूरे पाठ्यक्रम से 6 वस्तुनिष्ठ प्रश्न पूछे जाएंगे। प्रत्येक प्रश्न एक–एक अंक का होगा।
2. इकाई 1 से 4 तक कोई 6 लघूत्तरी प्रश्न पूछे जाएंगे जिनमें से परीक्षार्थी को 200 शब्दों में किन्हीं 4 प्रश्नों का उत्तर देना होगा। प्रत्येक प्रश्न 4 अंक का होगा। पूरा प्रश्न 16 अंक का होगा।
3. इकाई 2, 3 एवं 4 से छः अवतरण व्याख्या के लिए दिए जाएंगे जिनमें से परीक्षार्थी को किन्हीं तीन अवतरणों की संदर्भ सहित व्याख्या करनी होगी। निर्धारित इकाईयों में से एक व्याख्या करनी अनिवार्य है। प्रत्येक व्याख्या के लिए 6 अंक निर्धारित हैं। पूरा प्रश्न 18 अंक का होगा।
4. निर्धारित रचनाओं व रचनाकारों से संबंधित कोई 6 आलोचनात्मक प्रश्न पूछे जाएंगे। परीक्षार्थी को उनमें से कोई तीन प्रश्न करने होंगे। तीनों प्रश्न तीन अलग–अलग रचनाओं या रचनाकारों पर आधारित होने चाहिए। प्रत्येक प्रश्न के लिए 10 अंक निर्धारित हैं। पूरा प्रश्न 30 अंकों का होगा।

इकाई–1

आधुनिकता की अवधारणा और हिंदी कविता में आधुनिकता
<u>हिंदी नवजागरण</u>
भारतेन्दुयुगीन हिंदी कविता
राष्ट्रीय काव्यधारा
छायावाद; की पृष्ठभूमि
छायावाद की प्रवृत्तियाँ

छायावाद के प्रमुख कवि
छायावादोत्तर काव्य

इकाई–2

निर्धारित कविताएँ
भारतेन्दु हरिश्चन्द्र – निज भाषा उन्नति अहै
मैथिलीशरण गुप्त – भारत भारती (वर्तमान खंड)
जयशंकर प्रसाद – कामायनी (श्रद्धा सर्ग)

इकाई–3

निर्धारित कविताएँ
निराला : राम की शक्ति पूजा
सुमित्रानंदन पंत : भारत माता, नौका विहार, प्रथम रश्मि

इकाई–4

महादेवी वर्मा : बीन भी हूँ मै तुम्हारी रागिनी भी हूँ, मैं नीर भरी दुःख की बदली, फिर विकल है प्राण मेरे
दिनकर : रश्मिरथी – षष्ठ सर्ग

सहायक पुस्तकें –

हिंदी साहित्य का वृहत् इतिहास,(खण्ड–8,9,10), नागरी प्रचारणी सभा, वाराणसी ।
आधुनिकता बोध, रामधारी सिंह दिनकर, नेशनल पब्लिशिंग हाउस, नई दिल्ली।
महावीरप्रसाद द्विवेदी और हिंदी नवजागरण, रामविलास शर्मा, राजकमल प्रकाशन, नई दिल्ली।
राष्ट्रीय नवजागरण और साहित्य , वीरभारत तलवार, किताब घर, नई दिल्ली।
छायावाद, नामवर सिंह, राजकमल प्रकाशन नई दिल्ली।
निराला की साहित्य साधना–1,2,3, रामविलास शर्मा, राजकमल प्रकाशन, नई दिल्ली।
आधुनिक हिंदी कविता का इतिहास, नंदकिशोर नवल, भारतीय ज्ञानपीठ, नई दिल्ली।
निराला : एक आत्महंता आस्था, दूधनाथ सिंह, लोकभारती प्रकाशन , इलाहाबाद।
कामायनीः एक पुनर्विचार, मुक्तिबोध, राजकमल प्रकाशन नई दिल्ली।
कामायनीः एक पुनर्मूल्यांकन, रामस्वरूप चतुर्वेदी, लोकभारती इलाहाबाद।
महादेवी वर्मा, दूधनाथ सिंह, राजकमल, नई दिल्ली।
पंत और पल्लव– सूर्यकांत त्रिपाठी 'निराला', गंगा ग्रंथागार, लखनऊ।
जयशंकर प्रसाद, नंददुलारे वाजपेयी, भारती भण्डार, इलाहाबाद।
छायावाद और नवजागरण, महेन्द्रनाथ राय , राधाकृष्ण प्रकाशन, नई दिल्ली।
कल्पना और छायावाद, केदारनाथ सिंह, वाणी प्रकाशन, नई दिल्ली
हिंदी में छायावाद, मुकुटधर पाण्डेय , तिरुपति प्रकाशन, हापुड़।
छायावाद का पतन ,देवराज उपाध्याय, श्री विद्यापति ,छपरा
आधुनिक हिंदी कविता ,कमला प्रसाद ,वाणी प्रकाशन, दिल्ली
काव्य और कला पक्ष तथा अन्य निबंध, जयशंकर प्रसाद ,लोकभारती प्रकाशन ,दिल्ली
छायावाद की प्रासंगिकता, रमेशचंद्र शाह, वाग्देवी पॉकेट बुक्स ,बीकानेर राजस्थान

द्वितीय सेमेस्टर
द्वितीय प्रश्न पत्र

24L6.0-HIN-202
हिंदी साहित्य का इतिहास (आधुनिक काल)

पूर्णांक : 100
लिखित : 70
आंतरिक मूल्यांकन : 30
समय : 3 घण्टे

पाठ्यक्रम का उद्देश्य

- हिंदी साहित्य के इतिहास का विश्लेषणात्मक ज्ञान प्रदान करना।
- हिंदी गद्य के उद्भव और विकास का विशिष्ट ज्ञान।

पाठ्यक्रम के अपेक्षित परिणाम

- आधुनिक काल की विविध प्रवृत्तियों एवं विशेषताओं का ज्ञान ।
- इतिहास लेखन और साहित्य की विभिन्न विधाओं के विकास की समझ।
- आधुनिक अवधारणाओं के परिचय से समकालीन स्थितियों के लिए प्रासंगिक विषयों का निर्माण करने की समझ का बोध।
- साहित्य में आलोचना की विभिन्न धाराओं के प्रति एक महत्त्वपूर्ण दृष्टिकोण का विकास

नोट :–

1. पूरे पाठ्यक्रम से 10 वस्तुनिष्ठ प्रश्न पूछे जाएंगे। प्रत्येक प्रश्न एक–एक अंक का होगा।
2. पूरे पाठ्यक्रम से कोई 8 लघूत्तरी प्रश्न पूछे जाएंगे जिनमें से परीक्षार्थी को 200 शब्दों में किन्हीं 5 प्रश्नों का उत्तर देना होगा। प्रत्येक प्रश्न 4 अंक का होगा। पूरा प्रश्न 20 अंक का होगा।
3. पाठ्यक्रम में निर्धारित प्रत्येक इकाई में से आंतरिक विकल्प के साथ एक–एक दीर्घ प्रश्न पूछा जाएगा। जिनमें से परीक्षार्थी को प्रत्येक इकाई से एक प्रश्न करना होगा। प्रत्येक प्रश्न के लिए 10 अंक निर्धारित हैं। पूरा प्रश्न 40 अंकों का होगा।

इकाई– 1

हिंदी गद्य का उदभव और विकास
1857 की क्रांति और सांस्कृतिक नवजागरण
भारतेंदुमंडल और उनका युग
महावीर प्रसाद द्विवेदी और हिंदी नवजागरण : प्रमुख गद्य लेखक
राष्ट्रवादी एवं स्वछन्दतावादी काव्यधारा के कवियों का परिचय

इकाई– 2

छायावाद के प्रमुख कवि, काव्य और प्रवृतियाँ
प्रगतिवाद के प्रमुख कवि और काव्य
प्रयोगवाद के मुख्य कवि और काव्य

नई कविता एवं समकालीन कविता के प्रमुख कवि

इकाई– 3
(हिंदी में गद्य विधाओं का उद्भव एवं विकास –1)

कहानी और उपन्यास
नाटक और एंकाकी
निबन्ध
आलोचना

इकाई– 4
(हिंदी में गद्य विधाओं का उद्भव एवं विकास –2)

आत्म कथा ,जीवनी, ,संस्मरण रेखाचित्र रिपोर्ताज, यात्रा साहित्य, डायरी
हिंदी का प्रवासी साहित्य
प्रमुख अस्मितावादी विमर्श (स्त्री ,दलित, आदिवासी, किसान, पर्यावरण)
पत्र पत्रिकाएँ

सहायक पुस्तकें–

हिंदी साहित्य का इतिहास, रामचंद्र शुक्ल, नागरी प्रचारिणी सभा, काशी
हिंदी साहित्य : उद्भव और विकास, हजारीप्रसाद द्विवेदी, राजकमल प्रकाशन नई दिल्ली
महावीरप्रसाद द्विवेदी और हिंदी नवजागरण, रामविलास शर्मा, राजकमल प्रकाशन नई दिल्ली
हिंदी साहित्य और संवेदना का इतिहास, रामस्वरूप चतुर्वेदी, लोकभारती प्रकाशन, इलाहाबाद
हिंदी साहित्य का दूसरा इतिहास ,बच्चन सिंह, राजकमल प्रकाशन प्रा० लि०, नई दिल्ली
हिंदी कविता का अतीत और वर्तमान, मैनेजर पाण्डेय, वाणी प्रकाशन, नई दिल्ली
उपन्यास और लोकतन्त्र, मैनेजर पाण्डेय, वाणी प्रकाशन, नई दिल्ली
छायावाद : नामवर सिंह, राजकमल प्रकाशन प्रा० लि०, नई दिल्ली
कविता के नए प्रतिमान, नामवर सिंह, राजकमल प्रकाशन प्रा० लि०, नई दिल्ली
हिंदी साहित्य के इतिहास की समस्याएं, अवधेश प्रधान, वाणी प्रकाशन, नई दिल्ली
आधुनिक साहित्य की प्रवृत्तियाँ, नामवर सिंह – राजकमल प्रकाशन, नई दिल्ली
आदिवासी साहित्य का इतिहास, हरिराम मीणा, प्रभात प्रकाशन, नई दिल्ली
इतिहास क्या है : ई०एच०कार – मैकमिलन प्रकाशन

द्वितीय सेमेस्टर
तृतीय प्रश्न पत्र

24L6.0-HIN-203
कथेतर हिंदी साहित्य

पूर्णांक : 100
लिखित : 70
आंतरिक मूल्यांकन : 30
समय : 3घण्टे

पाठ्यक्रम का उद्देश्य –

- हिंदी कथेतर गद्य साहित्य की जानकारी प्रदान करना।
- विभिन्न कथेतर गद्य लेखकों की रचनाओं का बोध।

पाठ्यक्रम के अपेक्षित परिणाम

- हिंदी गद्य की निर्माण भूमि के बारे में जानकारी।
- लेखन परम्परा का ज्ञान बोध व आलोचनात्मक समझ का विकास।
- आधुनिकता और गद्य के अन्तर्सम्बन्धों का बोध।
- युगीन संदर्भों के आलोक में गद्य विधाओं का बोध।

नोट :–

